

# सभी के लिए टीकाकरण

# COVID-19 वैक्सीन -प्रतिरक्षा में अक्षम व्यक्तियों के लिए तीसरा डोज़

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**COVID-19 का तीसरा डोज़ क्यों लगाया जाता है?**

तीसरा डोज़ COVID-19 के विरूद्ध अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। 16 अगस्त, 2021 तक, तीसरा डोज़ लेने का सुझाव केवल उन लोगों को दिया जाता है जो किसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों से गुज़र रहे हैं या फिर जिनका ऐसा उपचार चल रहा है जिसमें उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर हो जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अन्य लोगों की तरह उनके लिए वैक्सीन के दो डोज़ पर्याप्त नहीं होते हैं और इसी कारण उन लोगों को एक और डोज़ लेने की आवश्यकता होती है।

**COVID-19 के विरुद्ध वैक्सीन का तीसरा डोज़ लगवाने के लिए कौन पात्र हैं?**

पात्र होने के लिए आपको नीचे दिए गए तीन मापदंडों को पूरा करना होगा:

+ आपकी उम्र 12 वर्ष या उससे अधिक हो।
+ आपने कम से कम 28 दिन पहले Pfizer या Moderna वैक्सीन के दो डोज़ लगवाएं हों।
+ आपको मध्यम से लेकर गंभीर रूप तक प्रतिरक्षा में अक्षम माना जाता हो।

**"प्रतिरक्षा में अक्षम" का क्या मतलब है?**

प्रतिरक्षा में अक्षम व्यक्ति वे लोग होते हैं जिन्हें कोई ऐसी बीमारी है या वे ऐसी दवा ले रहे हैं जो उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमज़ोर करती है और जिससे उन्हें संक्रमण का सामना करने में कठिनाई होती है। इन लोगों को COVID-19 से होने वाली गंभीर बीमारी का ज्यादा जोखिम होता है।

मध्यम से लेकर गंभीर रूप तक प्रतिरक्षा में अक्षम लोगों में वे लोग शामिल हैं:

+ जो लोग फिलहाल कैंसर का इलाज करवा रहे हों, जैसे कि कीमोथेरेपी
+ वर्तमान में उच्च खुराक के साथ कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स (≥20mg प्रेडनिसोन या इसी तरह के) के साथ इलाज प्राप्त कर रहे हैं या ऐसी दवा ले रहे हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को कमज़ोर करती है
+ जिन लोगों ने अंग प्रत्यारोपण कराया था और अब प्रतिरक्षादमनकारी थेरेपी ले रहे हैं
+ जिन लोगों ने पिछले दो वर्षों में स्टेम सेल प्रत्यारोपण कराया था
+ जिन लोगों में विकसित या अनुपचारित HIV संक्रमण हो
+ जिन लोगों में मध्यम या गंभीर प्रतिरक्षाहीनता का कोई और कारण है (जैसे कि DiGeorge सिंड्रोम या Wiskott-Aldrich सिंड्रोम)

**क्या तीसरा डोज़ लगवाना सुरक्षित है?**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA), रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) और स्वतंत्र विशेषज्ञों ने निर्धारित किया है कि तीसरा डोज़ लेने के लाभ किसी भी ज्ञात या संभावित जोखिम से अधिक हैं।

**मुझे अपना तीसरा डोज़ कब लगवाना चाहिए?**

आपको तीसरा डोज़ अपने दूसरे डोज़ के कम से कम चार हफ़्ते बाद लगवाना चाहिए। आप तीसरा डोज़ लगवा सकते हैं, भले ही आपके दूसरे डोज़ के बाद कितना भी समय बीत चुका हो।

जारी है ▶

**मुझे तीसरा डोज़ कहाँ से लगवाना चाहिए?**
आप अपना तीसरा डोज़ किसी भी NYC Health + Hospital के साथ-साथ शहर के अन्य स्थानों से भी लगवा सकते हैं। आपको अपना तीसरा डोज़ उसी जगह से लेने की आवश्यकता नहीं है जहाँ से आपने अपने पहले दो डोज़ लगवाये थे।

टीकाकरण की जगह ढूँढने के लिए, nyc.gov/vaccinefinder पर जाएँ या 877-VAX-4-NYC (877-829-4692) पर कॉल करें।

**क्या मुझे तीसरा डोज़ लगवाने के लिए डॉक्टर के रेफ़रल की आवश्यकता है?**
आपको तीसरा डोज़ लगवाने के लिए डॉक्टर के रेफरल की आवश्यकता नहीं है। लेकिन अगर आपको संदेह है कि आप इसे लगवाने के लिए पात्र हैं या नहीं या फिर अपने निजी स्वास्थ्य इतिहास को लेकर आपके कोई विशेष प्रश्न हैं तो हम आपको सुझाव देते हैं कि आप इसके बारे में अपने चिकित्सक से चर्चा करें। सभी रोगियों को टीकाकरण के समय तीन आवश्यकताओं को प्रमाणित करने के लिए कहा जाएगा, जिसमें शामिल है: उनकी उम्र (>12 वर्ष की उम्र), उनके पिछले टीकाकरण का इतिहास (28 से ज्यादा दिन पहले Moderna या Pfizer के दो डोज़ लगवाएं हों), और वे मध्यम या गंभीर रूप से प्रतिरक्षा में अक्षम हों जैसा कि ऊपर बताया गया है।

**क्या मुझे अपने पिछले टीकाकरण का प्रमाण लेकर आने की आवश्यकता है?**
अगर आपके पास अपना CDC कार्ड है जिसमें पिछले टीकाकरण की तारीख लिखी हैं तो आपको इसे लेकर आना चाहिए। हालाँकि, अगर आपके पास यह नहीं है, तब भी आप अपना तीसरा डोज़ लगवा सकते हैं, लेकिन उसके लिए आप से यह प्रमाणित करने के लिए कहा जाएगा कि आपने अपना दूसरा डोज़ 28 दिन पहले लगवाया था।

**क्या तीसरा डोज़ निःशुल्क है?**
हाँ, पात्र लोगों के लिए तीसरा डोज़ निःशुल्क है। अगर आपका बीमा है तो इसका बिल बनाया जा सकता है। लेकिन आप से कोई प्रतिभुगतान या अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**क्या मुझे अपना तीसरा डोज़ लगवाने के लिए अपॉइंटमेंट लेना होगा?**
आप अपना तीसरा डोज़ लगवाने के लिए किसी भी NYC Health + Hospital में जा सकते हैं। अन्य स्थानों के लिए, nyc.gov/vaccinefinder पर जाएँ या 877-VAX-4-NYC (877-829-4692) पर कॉल करें।

**मैं यात्रा नहीं कर सकता। क्या मुझे तीसरा डोज़ घर पर मिल सकता है?**
12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी न्यू यॉर्क वासी घर पर वैक्सीन लगवा सकते हैं। आप घर पर वैक्सीन लगवाने के लिए, forms.cityofnewyork.us/f/home पर साइन अप कर सकते हैं (यह सुविधा इंटरनेट एक्सप्लोरर पर उपलब्ध नहीं है) या 877-VAX-4NYC (877-829-4692) पर कॉल कर सकते हैं।

**क्या यह 'बूस्टर' शॉट है?**
इसे वैक्सीन के पहले और दूसरे डोज़ की निरंतरता माना जाता है ताकि गंभीर रूप से प्रतिरक्षा में अक्षम व्यक्तियों को वायरस के विरुद्ध जितना संभव हो सके उतना प्रतिरक्षा बनाने में मदद मिल सके और इसलिए इसे वैक्सीन की "प्राथमिक श्रृंखला" का हिस्सा माना जाता है, जिसमें कुल 3 डोज़ होते हैं।

**क्या इस डोज़ में मेरे पहले के दो डोज़ के मुकाबले वैक्सीन की अलग मात्रा है?**
नहीं। तीसरे डोज़ में वैक्सीन की मात्रा बिल्कुल पहले और दूसरे डोज़ के बराबर ही है।

**अगर मुझे COVID-19 होता है तो मैं अपनी पहले की बीमारी (जैसे कि मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा, धूम्रपान या क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (Chronic Obstructive Pulmonary Disease, COPD)) के कारण और अधिक बीमार पड़ सकता हूँ। क्या मुझे तीसरा डोज़ लगवाना चाहिए?**
हालाँकि कुछ दीर्घकालीन स्थितियाँ आपको COVID-19 संक्रमण के बाद और भी बदतर बीमारी होने की अधिक जोखिम में डाल सकती हैं, आपको फिलहाल तीसरा डोज़ लगवाने की आवश्यकता नहीं है। आपके Pfizer या Moderna वैक्सीन के दो डोज़ या Johnson & Johnson की Janssen वैक्सीन का एक डोज़ ज़्यादातर वयस्कों के लिए COVID-19 के विरुद्ध पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए सिद्ध हुई है।

हालाँकि, जैसे जैसे वैज्ञानिक और डॉक्टर COVID-19 के बारे में अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे तो ये सुझाव बदल भी सकते हैं। यह संभव है कि भविष्य में आप तीसरे डोज़ के लिए पात्र होंगे भले ही आप आज पात्र न हों।

**अगर मुझे पहले दो डोज़ Moderna वैक्सीन के लगाए गए हैं तो क्या मुझे अपना तीसरा डोज़ Moderna का लगवाने की आवश्यकता है?**
आपका तीसरा डोज़ या तो Moderna या फिर Pfizer हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दोनों ही mRNA वैक्सीन हैं और एक ही तरीके से काम करती हैं। हालाँकि, अगर आपकी उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है, तो आपको Pfizer वैक्सीन लगवानी चाहिए, क्योंकि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए Moderna वैक्सीन के लिए FDA द्वारा वैक्सीन की मंज़ूरी की स्थिति अनिर्णित है। अगर आपको पहले दो डोज़ Pfizer वैक्सीन के लगाए गए हैं तो आप अपना तीसरा डोज़ Pfizer या Moderna का लगवा सकते हैं, चाहे आपकी उम्र जो भी हो।

**मुझे Johnson & Johnson का Janssen वैक्सीन लगाया गया है। क्या मुझे तीसरा डोज़ लगवाना चाहिए?**
इस समय, प्रतिरक्षा में अक्षम लोगों के लिए जो Johnson & Johnson COVID-19 वैक्सीन प्राप्त कर चुके हैं, FDA द्वारा अतिरिक्त डोज़ अधिकृत नहीं है। उम्मीद है कि जल्द ही हमें इसके बारे में और जानकारी उपलब्ध होगी।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

Published: 11/15/2021
Hindi